गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर

जी.बी.यू.-012/डी.एस.ए/2024- 648 दिनांकः- 24-05-2024

::ग्रीष्मावकाश छात्रावास (Summer Hostel) संबन्धित सचूना::

जैसा कि ज्ञात है, वर्तमान सत्र 2023-24 दिनांक- 28/05/2024 को समाप्त हो रहा है। तदक्रम में समस्त छात्रों/छात्राओं को अपने-अपने छात्रावास 31/05/2024 तक खाली करने होंगे। केवल बैक पेपर वाले छात्रों/छात्राओं के रुकने की अनुमति 06/06/2024 तक होगी।

पूर्व से संचालित मैस का संचालन 06/06/2024 तक यथावत रहेगा। इसके उपरान्त केवल एक ही ग्रीष्मकालीन मेस का संचालन किया जायेगा। जिसमें छात्रों/छात्राओं को **खाने के बिल का भुगतान स्वयं ही करना होगा।**

अति-आवश्यक शैक्षणिक कार्य (जैसे-प्रोजेक्ट/इन्टर्नशिप/थीसिज आदि) हेतु छात्र/छात्राओं को ग्रीष्मवकाश में छात्रावास आवंटन हेतु निम्न दिशा-निर्देश प्रभावी होंगेः

- वे छात्र/छात्राएं जिनका प्रोजेक्ट/इन्टर्नशिप/थीसिज इत्यादि दिल्ली, (एन.सी.आर), क्षेत्र में हो, उक्त श्रेणी के छात्रों/छात्राओं द्वारा प्रोजेक्ट/इन्टर्नशिप/थीसिज इत्यादि से सम्बन्धित प्रमाण पत्र अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर सम्बन्धित संकाय अधिष्ठाता की संस्तुति कराने के उपरान्त अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय को भेजना अनिवार्य है।
- पी.एच.डी. छात्र/छात्राएं जो इस अवधि में छात्रावास में रूकेंगे, उन्हें अपने आवेदन पर सम्बन्धित सुपरवाइजर से संस्तुति कराने के उपरान्त अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय को भेजना अनिवार्य है।
- ग्रीष्मावकाश अवधि में छात्रावास में रुकने संबन्धित आवेदन के साथ अपना पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर कार्ड), संकाय अधिष्ठाता/सुपरवाइजर की संस्तुति के साथ अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय को दिनांक- **28/05/2024** तक जमा करना सुनिश्चित करें।
- ग्रीष्मावकाश अवधि में छात्रावास में रूकने की अनुमति केवल **25/07/2024** तक ही दी जायेगी, इसके पश्चात समस्त छात्रों/छात्राओं को छात्रावास खाली करना अनिवार्य होगा, जिससे छात्रावासों में अनुरक्षण का कार्य सुचारू रूप से हो सके।
- ग्रीष्मावकाश की अवधि में ठहरने वाले छात्रों/छात्राओं को किसी एक छात्रावास में ठहरने की व्यवस्था की जायेगी, इस दशा में छात्रों/छात्राओं को अपने वर्तमान छात्रावास का कक्ष छोड़कर ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए आवंटित छात्रावास में जाना होगा।
- जिन छात्रों/छात्राओं को ग्रीष्मावकाश अवधि में रूकने की अनुमति प्राप्त होगी उन समस्त छात्रों के संज्ञान में यह भी लाना है कि इस दौरान छात्रावासों के समस्त नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। छात्रावास के नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्रों/छात्राओं के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
- ग्रीष्मावकाश अवधि के दौरान यदि कोई छात्र/छात्रा बिना अनुमति के छात्रावास में निवासरत् पाये जाते है, तो उक्त छात्र/छात्रा के विरुद्ध विश्वविद्यालय अध्यादेशों में वर्णित नियमों के अनुसार कठोर/दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
- आवेदन पत्र के साथ समस्त छात्रों/छात्राओं को निम्न घोषणा करनी होगी।
  "मेरे द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में छात्रावास में निवासित रहने संबन्धित आवेदन की सूचना अपने पिताजी एवं माता जी को दे दी है।"

24/5/24

(डा० मनमोहन सिंह शिशौदिया)
प्रभारी छात्र, कल्याण

प्रतिलिपिः-

1. माननीय कुलपति महोदय, के स्टाफ को महोदय के संज्ञान में लाने हेतु।
2. कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
3. समस्त संकाय अधिष्ठाता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. मुख्य छात्रावास अभिरक्षक (पुरूष/महिला) को सूचानार्थ।
5. समस्त छात्रावास अभिरक्षकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रभारी छात्र, कल्याण

Greater Noida, Distt. Gautam Buddh Nagar, Uttar Pradesh-201310
Ph: +91-120-2346175, Fax:+91-120-2344205 & 15, Email: info@gbu.ac.in, Website: www.gbu.ac.in